AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

रोजाना छह घंटे पढ़ाई, समय से पूरा करें कोर्स

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त कॉलेजों में नए सत्र 2022-23 की कक्षाएं काफी देरी से शुरू हुई हैं। इसे देखते हुए समय से कोर्स पूरा कराने की कवायद भी अभी से शुरू हो गई है। इस क्रम में सोमवार को लॉ कॉलेजों के प्रतिनिधियों की बैठक में डीन लॉ प्रो. बीडी सिंह ने एलएलबी थर्ड सेमेस्टर की रोजाना छह घंटे पढ़ाई व समय से कोर्स पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। विधि संकाय में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सभी विषयों की पढ़ाई कराई जाए। अभी तक छह विषय, छह दिन में एक-एक कर पढ़ाए जाते थे। प्रो. सिंह ने कहा कि इस साल से पहली बार थर्ड सेमेस्टर के छात्रों के लिए भी इंटर्नशिप अनिवार्य कर दी गई है। इसे देखते हुए सभी कॉलेज अपने छात्रों को इंटर्नशिप के लिए 20 दिसंबर से न्यायालय भेजें। इसी क्रम में कॉलेजों को विद्यार्थियों का जर्मन, फ्रेंच अथवा हिंदी पढ़ाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमबीए-एमटीटीएम का सेकेंड सीट अलॉटमेंट जारी

लविवि ने सीट पाने वाले छात्रों को तीन नवंबर तक फीस जमा करने के दिए निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की नए सत्र 2022-23 की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एमबीए-एमटीटीएम का सेकेंड सीट अलॉटमेंट सोमवार को जारी कर दिया गया। छात्र एक से तीन नवंबर तक फीस जमा कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को ही उक्त कोर्स का सेकेंड सीट अलॉटमेंट/अपग्रेडेशन जारी किया गया था, लेकिन गलती से इसमें थर्ड लिस्ट लिख गया था। इस पर छात्रों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा था कि सेकेंड अलॉटमेंट आया नहीं और सीधे तीसरा अलॉटमेंट जारी कर दिया। इसमें भी काफी तकनीकी दिक्कत आ रही थी। इस शिकायत के बाद विश्वविद्यालय ने अलॉटमेंट लिस्ट वेबसाइट से हटा दी थी और जुटि दूर कर सोमवार को सेकेंड लिस्ट जारी की। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विद्यार्थी अपनी लॉगइन-आईडी से एक नवंबर को दोपहर 12 बजे से सीट आवंटन देख सकते हैं। जिन्हें सीट अलॉट की गई है वे एक से तीन नवंबर तक फीस जमा कर दें।

केकेसी : तीसरी मेरिट जारी

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में सत्र 2022-23 में लॉ प्रवेश के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। प्राचार्य प्रो. मीता साह ने बताया कि इस लिस्ट के प्रवेश एक-दो नवंबर को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक होंगे। अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर फीस जमा कर सीट लॉक करा लें। इसके बाद काउंसिलिंग कराएं। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी स्नातक स्तर पर लविवि के छात्र नहीं रहे हैं वे मुख्य कार्यालय में 500 रुपये नामांकन शुल्क जमा कर उसकी रसीद भी काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत करेंगे।

केकेवी में पीजी की खाली सीटों पर प्रवेश : *बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) में एमए गणित, एमएससी, एमकॉम की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। प्रवेश समन्वयक डॉ. राकेश चंद्र ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक छात्र वेबसाइट पर पंजीकरण कराकर, निर्धारित शुल्क जमाकर प्रवेश के लिए विभाग में संपर्क करें। इसी के साथ विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज को आवंटित सीटों पर भी संबंधित विद्यार्थी प्रवेश के लिए उपस्थित हों।*

डीएवी में नंबर अपलोड करने का एक और मौका : *डीएवी डिग्री कॉलेज में एलएलबी के छात्रों को नंबर अपलोड करने का एक और मौका मिला है। छात्रों से कहा गया है कि उन्होंने यदि नंबर नहीं अपलोड किए या इसमें कोई गलती है तो उसे मंगलवार रात तक ठीक कर लें। इसी आधार पर मेरिट तैयार कर प्रवेश लिए जाएंगे। जल्द ही प्रवेश मेरिट जारी कर दी जाएगी।*

17 छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के बीटेक, बीबीए एवं एमबीए के 17 विद्यार्थियों विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पांडेय, श्रेया लाल का चयन कोयलेंस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है। ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम छह लाख सालाना का पैकेज ऑफर किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के 17 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई प्लेसमेंट ड्राइव में 17 छात्रों का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ। बीटेक, बीबीए एवं एमबीए के 17 छात्रों (विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पांडेय, श्रेया लाल का चयन स्कोलर कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है। ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम छह लाख, एमबीए के छात्रों को सात लाख सालाना का पैकेज ऑफर किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू:एमबीए में दूसरे चरण की सीटों का आवंटन आज

लखनऊ। एलयू की पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत एमबीए-एमटीटीम का दूसरा सीट आवंटन एक नवम्बर को जारी किया जाएगा। बची हुई हुई सीटों पर मेरिट के आधार पर जारी किया जा रहा सीट आवंटन मंगलवार को दोपहर 12 बजे अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से सीट आवंटन देख केंगे।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हो गयी है वे अभ्यर्थी एक से तीन नवम्बर तक सीट आवंटन शुल्क जमा कर दें। पीजी के कई पाठ्यक्रमों में सीट फुल हो गई हैं और उनके अभिलेख सत्यापन के बाद कक्षाएं भी शुरू कर दी गई हैं।

कॉलेजों में छात्रों को फ्रेंच और जर्मन पढ़ाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में विधि महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने की। प्राचार्यों को निर्देश दिए गए कि महाविद्यालय में जर्मन अथवा फ्रेंच या हिन्दी को पढ़ाने की व्यवस्था करें। इसके अतिरिक्त एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए 20 दिसम्बर से न्यायालय में भेजे और पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रतिदिन छह घंटे की पढ़ाई कराएं।

PIONEER PAGE 4

20 दिसंबर से एलएलबी थर्ड सेमेस्टर के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए भेजें न्यायालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सहयुक्त विधि कालेजों को निर्देश दिये हैं कि वह 20 दिसंबर से एलएलबी थर्ड सेमेस्टर के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए न्यायालय भेजना सुनिश्चित करें। इस बावत सोमवार को विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो बी डी सिंह ने सहयुक्त लॉ कालेजों के साथ बैठक में संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने की मीटिंग में सभी प्राचार्य को यह निर्देश दिया कि वह अपने अपने महाविद्यालयों में जर्मन अथवा फ्रेंच अथवा हिंदी को पढ़ाने की व्यवस्था करें। इसके अतिरिक्त एलएलबी थर्ड सेमेस्टर के छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए 20 दिसंबर से न्यायालय में भेजें और समय से पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रतिदिन 6 घंटे की टीचिंग सुनिश्चित करें। जिससे कि समय से पाठ्यक्रम पूरा किया जा सके और परीक्षाएं कराई जा सके।

17 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट: लविवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 17 छात्रों का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ। इनमें बीटेक, बीबीए एवं एमबीए के 17 छात्रों में विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पांडेय, श्रेया लाल का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15000 रुपये प्रति माह तथा 12000 रुपये इंसेंटिव परफॉर्मेंस के आधार पर और ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज और एमबीए के छात्रों को अधिकतम 7 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

राजधानी में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई सरदार पटेल की जयंती

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राजधानी में एलयू समेत अन्य डिग्री कॉलेजों में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन से रू-ब-रू कराने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसी क्रम में एपी सेन कॉलेज की छात्राओं ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेकर सामाजिक एकता बनाए रखने की शपथ ली। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल की वर्तमान समय में प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान भी हुआ।

प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया। महिला पीजी कॉलेज में पटेल के सुविचार छात्राओं की जुबान विषय कार्यक्रम हुआ, जिसमें 10 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य इन्द्रा शुक्ला ने की। कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। शिया पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शबीह रजा बाकरी ने छात्र-छात्राओं को ऊंच-नीच भेदभाव मिटाते हुए एकता की भावना का भी संदेश दिया। कॉलेज के छात्र-छात्राएं रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए। केकेवी कॉलेज के विद्यार्थी रन फॉर यूनिटी में पहली पंक्ति में शामिल रहे। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पटेल जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और निबंध एवं स्लोगन लिखकर पटेल जी को श्रद्धांजलि दी।

i-NEXT PAGE 4

हर स्टूडेंट तक पहुंचेगी प्लेसमेंट की सूचना

एलएलबी थर्ड सेमेस्टर में रोज करनी होगी छह घंटे पढ़ाई

एलयू सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने बनाई स्टूडेंट्स की एक टीम

LUCKNOW (31 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक स्टूडेंट्स तक प्लेसमेंट के अवसर आसानी से पहुंच सकेंगे, इसके लिए सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने स्टूडेंट्स की एक टीम गठित की है, इसमें लगभग हर स्ट्रीम के स्टूडेंट्स को शामिल किया गया है, टीम के छात्र प्रत्येक विभाग से लेकर छात्राओं में जाकर प्लेसमेंट के अवसर की जानकारी दे रहे, ताकि विद्यार्थी प्लेसमेंट का लाभ उठा सकें,

यूनिवर्सिटी दिला रही जॉब

एलयू की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध करा रही है. ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स इससे लाभांवित हों, इसके लिए छात्रों की टीम भी बना दी गई. प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि अभी तक बहुत से विद्यार्थियों तक प्लेसमेंट से जुड़ी सूचनाएं नहीं पहुंच पाती थीं, जिससे वह अवसर से वंचित रह जाते थे, इसलिए छात्रों की एक टीम बनाई है. इसमें एमकाम, एमबीए, इतिहास, अंग्रेजी सहित विभिन्न विभागों के स्टूडेंट्स को जोड़ा है. टीम के प्रत्येक सदस्य ने भी पांच-पांच विद्यार्थियों का वाट्सएप ग्रुप तैयार दिया है. यह छात्र टीम विभागों में जाकर विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के अवसर की जानकारी दे रही. साथ ही वाट्सएप ग्रुप पर भी इसे साझा कर रही, जिससे वह इसके लिए पंजीकरण कर सकें.

चार को मिलेंगे वीसी केयर फंड की चेक

लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं तथा एलएलबी तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप को भी शामिल किया गया है. इसके लिए निर्देश दिए गए हैं कि सभी छात्र-छात्राओं को 20 दिसंबर से इंटर्नशिप के लिए न्यायालय भेजें. इंटर्नशिप की अवधि एक महीने की होगी, कई प्रावधानों से सुझाव दिया कि यह बैठक हर महीने होनी चाहिए जिससे खामियों को पहले ही दूर किया जा सके. सेमेस्टर को खत्म होने में अब करीब 40 दिन ही बचे हैं, ऐसे में कॉलेज प्रशासन ने सीधे प्रवेश के लिए एक से तीन नवंबर तक विकल्प खोल दिया है. अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट **https://bsnvpgcollege.co.in** के माध्यम से सीधे पंजीकरण कर फीस जमा करके प्रवेश ले सकते हैं. सेमेस्टर को कॉलेज ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है.

LUCKNOW (31 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी विधि महाविद्यालयों को अपने यहां संचालित एलएलबी (तीन वर्षीय कोर्स) थर्ड सेमेस्टर में अब रोज छह घंटे कक्षाएं अनिवार्य रूप से संचालित करनी होंगी. कोर्स समय से पूरा करने के लिए यह निर्देश सोमवार को कालेजों के साथ हुई बैठक में अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने दिए.

40 से ज्यादा कॉलेज जुड़े हैं

एलयू से करीब 40 विधि महाविद्यालय जुड़े हैं. सभी जगह नए सत्र की क्लास शुरू हो चुकी हैं. थर्ड सेमेस्टर का कोर्स समय से पूरा हो, इसके लिए सोमवार को इन कालेजों के प्रिंसिपल के साथ विश्वविद्यालय के सेकंड कैंपस में दोपहर दो बजे से बैठक आयोजित की गई. करीब एक घंटे तक हुई बैठक के बाद अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने दिए.

28 सितंबर से हो रही पढ़ाई

प्रो. बंशीधर सिंह ने बताया कि एलएलबी थर्ड सेमेस्टर की पढ़ाई 28 सितंबर से शुरू हो चुकी है. अभी तक छह विषयों में तीन-तीन के हिसाब से पढ़ाई होती है. कालेजों को पढ़ानी होगी फ्रेंच, जर्मन या हिन्दी भाषा : एलएलबी तीसरे सेमेस्टर में जर्मन, फ्रेंच एवं हिन्दी भाषा को पढ़ाने के लिए इलेक्टिव पेपर के रूप में शामिल किया जा चुका है. अब थर्ड सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू हो गई तो इन भाषाओं के पढ़ाने की व्यवस्था करें.



40 ला कॉलेज एलयू से जुड़े हैं

28 दिसंबर से शुरू हो रही पढ़ाई

20 दिसंबर से इंटर्नशिप के लिए भेजें न्यायालय

नई शिक्षा नीति के तहत एलएलबी तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप को भी शामिल किया गया है. इसीलिए निर्देश दिए गए हैं कि सभी छात्र-छात्राओं को 20 दिसंबर से इंटर्नशिप के लिए न्यायालय भेजें. इंटर्नशिप की अवधि एक महीने की होगी, कई प्रावधानों ने सुझाव दिया कि यह बैठक हर महीने होनी चाहिए जिससे खामियों को पहले ही दूर किया जा सके. सेमेस्टर को कालेज ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है.

एलयू के 17 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक, बीबीए व एमबीए के 17 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट स्कालर कंपनी में हुआ है. इसमें विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पांडेय, श्रेया लाल का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है. ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज तथा एमबीए के छात्रों को अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है.

आज से डायरेक्ट एडमिशन

लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शामिल होने के बाद भी बच्चा श्री नारायण कॉलेजियम पीजी कालेज (केकेपी) में परास्नातक कोर्सों की सीटें खाली हैं, ऐसे में कालेज प्रशासन ने सीधे प्रवेश के लिए एक से तीन नवंबर तक विकल्प खोल दिया है. अभ्यर्थी कालेज की वेबसाइट **https://bsnvpgcollege.co.in** के माध्यम से सीधे पंजीकरण कर फीस जमा करके प्रवेश ले सकते हैं. सेमेस्टर को कालेज ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है.

JAGRAN CITY PAGE III

एलएलबी तीसरे सेमेस्टर में छह घंटे पढ़ाई अनिवार्य

पाठ्यक्रम पूरा करने की कवायद लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में हुई बैठक में दिए गए निर्देश

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी विधि महाविद्यालयों को अपने यहां संचालित एलएलबी (तीन वर्षीय कोर्स) थर्ड सेमेस्टर में अब रोजाना छह घंटे कक्षाएं अनिवार्य रूप से संचालित करनी होंगी। पाठ्यक्रम को समय से पूरा करने के लिए यह निर्देश सोमवार को कालेजों के साथ हुई बैठक में अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने दिए।

लविवि से करीब 40 विधि महाविद्यालय जुड़े हैं। सभी जगह नए सत्र की कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। तीसरे सेमेस्टर का कोर्स समय से पूरा हो, इसके लिए सोमवार को इन कालेजों के प्राचार्यों के साथ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में दोपहर दो बजे से बैठक आयोजित की गई। करीब एक घंटे तक हुई बैठक के बाद अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने निर्देश दिए कि प्राचार्य तीसरे सेमेस्टर का पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रतिदिन छह घंटे का शिक्षण कार्य सुनिश्चित करें। इसमें परीक्षाएं भी समय से हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की पढ़ाई 28 सितंबर से शुरू हो चुकी है। अभी तक छह विषयों में तीन-तीन के हिसाब से पढ़ाई होती है। कालेजों को पढ़ानी होगी फ्रेंच, जर्मन या हिन्दी भाषा : एलएलबी तीसरे सेमेस्टर में जर्मन, फ्रेंच एवं हिन्दी भाषा को पढ़ाने के लिए इलेक्टिव पेपर के रूप में शामिल किया जा चुका है. अब थर्ड सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू हो गई तो इन भाषाओं के पढ़ाने की व्यवस्था करें.

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. बंशीधर सिंह से विधि पाठ्यक्रम के साथ बैठक की ● सौजन्य से जागरण

हर छात्र तक पहुंचेगी प्लेसमेंट की सूचना

लवि में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं तक प्लेसमेंट के अवसर आसानी से पहुंच सकेंगे। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने छात्र-छात्राओं की एक टीम गठित की है। टीम के छात्र प्रत्येक विभाग से लेकर छात्राओं में जाकर प्लेसमेंट के अवसर की जानकारी दे रहे, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी प्लेसमेंट का लाभ उठा सकें। लवि की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध करा रही है। प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि अभी तक बहुत से विद्यार्थियों तक प्लेसमेंट से जुड़ी सूचनाएं नहीं पहुंच पाती थीं। इसलिए छात्रों की एक टीम बनाई है। इसमें एमकॉम, एमबीए, इतिहास, अंग्रेजी सहित विभिन्न विभागों के स्टूडेंट्स को जोड़ा है। टीम के प्रत्येक सदस्य ने भी पांच-पांच विद्यार्थियों का वाट्सएप ग्रुप तैयार किया है। यह छात्र टीम विभागों में जाकर विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के अवसर की जानकारी दे रही। साथ ही वाट्सएप ग्रुप पर भी इसे साझा कर रही, जिससे यह इसके लिए पंजीकरण कर सकें।

लवि : चार को मिलेंगे वीसी केयर फंड के चेक

लवि के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को अब वीसी केयर फंड की सुविधा पाने का इंतजार जल्द ही खत्म होगा। चयनित छात्र-छात्राओं को चार नवंबर को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय इस फंड से 11-11 हजार रुपये का चेक सौंपेंगे। इस प्रकार 44 विद्यार्थियों के खाते में तुरंत आरटीजीएस के माध्यम से भेजे दिया जाएगा।

लवि ने पहली बार वीसी केयर फंड की शुरुआत की है। इस फंड के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों की मदद का प्रविधान किया गया है। पहले चरण में इसके लिए 18 अप्रैल से 25 मई तक आवेदन लिए गए थे। इसमें आवेदन की संख्या 500 से ऊपर पहुंच गई। यही वजह है कि विश्वविद्यालय को वीसी केयर फंड के लिए 52 छात्र-छात्राओं के नाम फाइनल किए हैं। इनमें उन छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता दी गई है, जिन्होंने हाल ही में किसी कारण अपने माता या पिता को खोया था या अत्यधिक बीमार होने की वजह से फीस जमा करने का संकट उत्पन्न हो गया था। चार नवंबर को दोपहर 12 बजे इन्हें चेक वितरित किए जाएंगे।

एलएलबी की तीसरे मेरिट सूचि : श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) ने एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए सोमवार को तीसरी मेरिट सूची जारी कर दी। प्राचार्या प्रो. मीता साह ने बताया कि मेरिट सूची में सामान्य वर्ग की कटऑफ 63.85 फीसद, ओबीसी 60.96 फीसद, एससी 55.44 फीसद, एसटी सभी अभ्यर्थी और ईडब्ल्यूएस 56.69 फीसद तक तय की गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 17 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

जार्स, लखनऊ : लवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक, बीबीए व एमबीए के 17 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट स्कालर कंपनी में हुआ है। इसमें विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पांडेय, श्रेया लाल का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15000 रुपये प्रति माह तथा 12000 रुपये इंसेंटिव परफॉर्मेंस के आधार पर और ट्रेनिंग के बाद बीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज और एमबीए के छात्रों को अधिकतम 7 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है। इस अवसर पर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

एमबीए और एमटीटीए का दूसरा सीट अलॉटमेंट जारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश 2022-23 के अंतर्गत एमबीए और एमटीटीए का दूसरा सीट अलॉटमेंट / अपग्रेडेशन जारी कर दिया गया है। मेरिट के अनुसार उपलब्ध सीटों के सापेक्ष जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई डी का प्रयोग करके आज दोपहर 12 बजे के बाद सीट अलॉटमेंट देख लें एवं जिनको सीट आवंटित हो गयी है वे अभ्यर्थी आज से लेकर 3 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं।

पर्सनैलिटी ग्रूमिंग और करियर प्लानिंग

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में अपने व्यक्तित्व को संवारने और भविष्य निर्माण पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. एच.पी. माथुर, डीन एम एस, बीएचयू रहे। उन्होंने एमबीए और बीबीए के छात्रों को अपने करियर की योजना बनाने और इंटरव्यू का सामना करने के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभावशाली व्यक्तित्व के प्रमुख लक्षणों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अच्छे प्लेसमेंट के लिए छात्रों को प्रशिक्षण देने और विकसित करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने किसी भी संगठन में विकास प्राप्त करने के लिए अच्छे संचार कौशल के अधिग्रहण पर जोर दिया। यह एक बहुत ही जानकारीपूर्ण और संवादात्मक सत्र था जिसने छात्रों के अपने कैरियर संबंधी जिज्ञासाओं को शांत करने में मदद की। प्रश्न-उत्तर दौर के बाद सत्र का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर द्वारा किया गया।

एलयू के 17 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 17 छात्रों का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ। बीटेक, बीबीए एवं एमबीए के 17 छात्रों में विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पाण्डेय, श्रेया लाल का चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15 हजार रुपये प्रति माह तथा 12हजार रुपये इंसेन्टिव और ट्रेनिंग के बादबीटेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज और एमबीए के छात्रों को अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि के 17 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 17 छात्रों का प्लेसमेंट स्कोलर कम्पनी में हुआ है। बीटेक, बीबीए एवं एमबीए के 17 छात्रों (विशाल अवस्थी, अमन गुप्ता, उज्जवल सिंह, कृति वाजपेयी, प्रांशु सिन्हा, शिवम सिंह, अनन्या यादव, अभिषेक कुमार पांडेय, सत्यम शर्मा, अंतिमा, प्रज्ञा पांडेय, अनुज मिश्रा, अनुराग सिंह, रोहित मिश्रा, अनंत प्रताप सिंह, विपुल पाण्डेय, श्रेया लाल) का चयन विजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान 15,000 रूपये प्रति माह तथा 12,000 रूपये इंसेन्टिव (परफार्मेंस के आधार पर) और ट्रेनिंग के बाद बी.टेक और बीबीए के छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज तथा एमबीए के छात्रों को अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

लविवि में परास्नातक का द्वितीय सीट अलॉटमेंट जारी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश (पीजी) 2022-23 के अंतर्गत एमबीए/एमटीटीएम का द्वितीय सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया गया है। मेरिट के अनुसार उपलब्ध सीटों के सापेक्ष जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई डी का प्रयोग कर एक नवम्बर 2022 को दोपहर 12 बजे के बाद सीट अलॉटमेंट देख लें एवं जिनको सीट आवंटित हो गयी है वे अभ्यर्थी दिनांक एक नवम्बर से तीन नवम्बर तक फीस जमा कर लें।

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रवेश के साथ पीजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं आज से

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लविवि में पीजी एडमिशन प्रक्रिया के तहत एमबीए व एमटीटीएम की दूसरी कटऑफ जारी कर दि